**Seventeenth Loksabha**

an>

Title: Need to allocate funds for construction of houses in rural areas under Pradhan Mantri Awas Yojana at par with houses constructed in urban areas under the scheme-laid.

**श्री रामदास तडस (वर्धा):** माननीय केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री जी का ध्यान अत्यंत महत्त्वपूर्ण विषय पर आकृष्ट करते हुए निवेदन करता हूं कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लिये प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के मुकाबले बहुत कम धन राशि स्वीकृत की जाती हैं जबकि ग्रामीण अंचल में शहरों के मुकाबले ज्यदा जनसंख्या निवास करती हैं । ग्रामीण भाग में आवास निर्माण के लिये लगने वाली निर्माण सामाग्री शहर के मुकाबले दूर से लानी पड़ती हैं । इसके कारण ट्रान्सपोर्ट मूल्य भी बढ जाता हैं । मेरा निवेदन हैं कि, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण व शहरी के आवास निर्माण की धन राशि समान करने हेतु उचित कार्यवाही करने की कृपा करे ।